सीरीज बराबरी करने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

करो या मरो का होगा मुकाबला

एडिलेड 14 जनवरी (ए)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 'करो या मरो' के दूसरे एक दिवसीय मैच में भारतीय टीम मंगलवार को उतरेगी तो बीच के ओवरों में रन गति बनाए रखने में नाकाम साबित हो रहे महेंद्र सिंह धोनी का खराब फार्म चिंता का सबब होगा। अनुशासनात्मक कारणों से हार्दिक पांड्या को अचानक टीम से बाहर किए जाने से बल्लेबाजी क्रम का संतुलन बिगड़ गया है। भारत को पहले मैच में रोहित शर्मा के 22वें वनडे शतक के बावजूद 34 रन से पराजय झेलनी पड़ी । धोनी ने 96 गेंद में 51 रन बनाए और वह स्ट्राइक रोटेट नहीं कर सके। उनकी इस धीमी पारी से बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की संभावना बनती है। धोनी पांचवें नंबर पर उतरते हैं और उपकप्तान रोहित का मानना है कि उन्हें ऊपर आना चाहिए। भारतीय टीम के अभ्यास सत्र को देखकर हालांकि स्पष्ट है कि टीम बल्लेबाजी क्रम में फिलहाल बदलाव नहीं करेगी।सिडनी क्रिकेट मैदान पर धोनी को पारी के चौथे ओवर में ही उतरना पड़ा जो कम ही होता है। पिछले दो साल से रोहित, शिखर धवन और विराट कोहली का प्रदर्शन इतना अच्छा रहा है कि धोनी को कभी इतनी जल्दी नहीं आना पड़ा। चौथे नंबर पर धोनी का बल्लेबाजी औसत 52.95 है जो मौजूदा औसत 50.11 से ज्यादा है । पांचवें नंबर पर उनका औसत 50.70 और छठे पर 46.33 रहा है लेकिन निचले क्रम पर औसत से अधिक स्ट्राइक रेट महत्वपूर्ण होता है । धोनी का चौथे नंबर पर स्ट्राइक रेट 94.21 है जो उनके कैरियर के स्ट्राइक रेट 87.60 से बेहतर है । भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछला वनडे जनवरी 2016 में खेला था। धोनी ने चौथे नंबर पर दो मैचों में 18 रन बनाये थे । उस श्रृंखला के बाद से धोनी ने आठ वनडे में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है ।

उनका औसत 24.75 रहा जबकि स्ट्राइक रेट 77.34 रहा है।दूसरे वनडे से पहले संभावित टीम का ऐलान नहीं किया गया है। हरफनमौला विजय शंकर दोपहर देर से पहुंचे और चयन के लिए संभवतः उपलब्ध नहीं होंगे। हार्दिक की गैर मौजूदगी में टीम का संतुलन बनाए रखना बड़ी चुनौती होगा। एशिया कप और वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में वह चोट के कारण बाहर था तब उपमहाद्वीप में तीन स्पिनरों को उतारने का फायदा मिला। विदेश में उसके नहीं होने का टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। सदिग्ध एक्शन की शिकायत के बावजूद अंबाती रायुडू अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी कर सकते हैं। अब देखना यह है कि टीम प्रबंधन क्या करता है। केदार जाधव विकल्प हो सकते हैं और दिनेश कार्तिक ही जगह उन्हें मौका दिया जा सकता है। पहले वनडे में गेंदबाजी संयोजन में बदलाव की गुंजाइश कम है हालांकि खलील अहमद फार्म में नहीं हैं। उन्होंने युजवेंद्र चहल के साथ नेट्स पर गेंदबाजी की ।

तीन तेज गेंदबाजों में से मोहम्मद शमी पहले मैच में सबसे प्रभावी रहे और इतने अहम मुकाबले में उन्हें बाहर नहीं रखा जाएगा। टीम प्रबंधन रविंद्र जडेजा के हरफनमौला हुनर पर भरोसा कायम रख सकता है और ऐसे में चहल की तुरंत वापसी संभव नहीं लगती । भारत के प्रदर्शन का फोकस शीर्ष तीन बल्लेबाजों पर होगा। कोहली का इस मैदान पर सभी प्रारूपों में औसत 73.44 रहा है और वनडे में उनका औसत 46.66 है। धवन के फार्म पर भी नजरें होंगी जो इस सत्र में धोनी और रायुडू के अलावा घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। धोनी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं जबकि रायुडू ने रणजी सत्र शुरू होने से पहले ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट को अलविदा कह दिया। धवन रणजी खेलने की बजाय मेलबर्न में परिवार के साथ समय बिता रहे थे। सिडनी में पहली गेंद पर आउट होने के बाद उनके फार्म पर ऊंगली उठने लगी है।

भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीतना काफी बड़ी बात होगी: कैरी

एडिलेड 14 जनवरी (ए)। ऑस्ट्रेलिया के उपकप्तान एलेक्स कैरी ने सोमवार को कहा कि टीम ने पिछले 12 महीनों में जिस तरह से संघर्ष किया है उसे देखते हुए भारत जैसे शीर्ष देश के खिलाफ श्रृंखला में जीत दर्ज करना 'काफी बड़ी बात होगी'। मेजबान टीम ने सिडनी में खेले गए पहले एकदिवसीय मैच को 34 रनों से जीत कर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त कायम की। श्रृंखला का दूसरा मैच मंगलवार को एडिलेड में खेला

जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार जनवरी 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ 4-1 से श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ, उपकप्तान डेविड वार्नर और कैमरून बैनक्रोफ्ट पर प्रतिबंध लगने के बाद 2018 में टीम 18 एकदिवसीय में से सिर्फ दो में जीत दर्ज कर सकी थी। टीम ने हालांकि 2019 की शुरूआत जीत के साथ की है। कैरी ने कहा, 'यह (श्रृंखला को जीतना) काफी बड़ी बात होगी, ऐसा हुए काफी समय से नहीं हुआ है। मैं ऑस्ट्रेलिया को जीतते देखना चाहता हूं और इस टीम का हिस्सा होना हम सब के लिए काफी मायने रखता है। हम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर विश्व कप में जाना चाहते है।' इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, 'भारत की टीम काफी अच्छी है इसलिए वे जल्द ही वापसी करना चाहेंगे। हमारे पास यह अच्छा प्रदर्शन करने का एक और शानदार मौका होगा।' कैरी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया एकदिवसीय श्रृंखला को टेस्ट श्रृंखला में मिली हार के तौर पर नहीं देख रहा है।

पांड्या-राहुल विवाद के बाद कप्तान कोहली का 9 साल पुराना वीडियो वायरल, लड़की को कहा-बदसूरत

नईदिल्ली 14 जनवरी (ए)। हार्दिक पांड्या और केएल राहुल ने पॉपुलर शो कॉफी विद करण में महिलाओं के लिए ऐसी टिप्पणी की थी। जिसके लिए उनको काफी शर्मिंदगी महसूस करनी पड़ रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में भी उनको बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह टीम इंडिया में विजय शंकर और शुभमन गिल को मौका दिया गया है। इसी विवाद के बाद भारत के कप्तान विराट कोहली का एक 9 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वो लड़की को बदसूरत कहते हुए नजर आ रहे है। कोहली का यह वीडियो इन दिनो एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियों में विराट कोहली एक छोटे से इंटरव्यू में अपने ब्लाइंड डेट के बारे में जिक्र कर रहे हैं। इस वीडियो में एक महिला रिपोर्टर कोहली से कुछ सवाल करती है। इन्हीं सवालों में एक सवाल यह भी था कि आप कभी ब्लाइंड डेट पर गए हैं। इसका जवाब देते हुए कोहली कहते हैं, हां मैं एक ब्लाइंड डेट पर गया था लेकिन ये सिर्फ 5 मिनट की थी। इसकी वजह पूछने पर वो कहते हैं कि वो लड़की बदसूरत थी। मुझे माफ करना लेकिन वो अच्छी नहीं थी और इस वजह से मैं वहां से भाग आया।सिडनी में कप्तान कोहली ने भी पहले वनडे की पूर्व संध्या पर इन दोनों की टिप्पणियों की निंदा की। उन्होंने इसे अनुचित बताया लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि वह इस आलराउंडर पर प्रतिबंध लगने की संभावना से चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमारे लिए यह अच्छा है कि हमारे पास (रविंद्र) जडेजा की तरह का खिलाड़ी मौजूद है जो ऐसी स्थिति में हरफनमौला की भूमिका निभा सकता है।

टीम इंडिया के मुख्य चयनकर्ता प्रसाद बोले-

'चैम्पियन क्रिकेटर' बनने की ओर बढ़ रहे हैं पंत

नई दिल्ली 14 जनवरी (ए)। मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद को लगता है कि ऋषभ पंत 'चैम्पियन क्रिकेटर' बनने की ओर बढ़ रहा है और खेल के अलग प्रारूपों में बिना किसी परेशानी खुद को ढालने की काबिलियत से वह 2019 विश्व कप अभियान के लिए निश्चित रूप से भारतीय टीम की योजना में शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए आराम दिए जाने के बाद इंग्लैंड जाने वाली टीम में उसके स्थान को लेकर अटकलें लगने लगी, लेकिन प्रसाद ने ऋ षभ और शुभमन गिल जैसी प्रतिभाओं के बारे में चयन समिति की योजना का खुलासा किया।

पंत विश्व कप चयन समिति की योजनों में शामिल-प्रसाद ने एक वेबसाइट को इंटरव्यू में कहा, 'ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया में तीन टी20 और चार टेस्ट मैच खेले, इससे उसके शरीर पर असर पड़ा। उसे दो हफ्तों के पूरे आराम की जरूरत है, उसके बाद ही हम फैसला करेंगे कि वह इंग्लैंड लायंस के खिलाफ कितने मैच खेलेगा। आपको सही बताऊं, वह हमारी विश्व कप योजनाओं का हिस्सा है। वह चैम्पियन क्रिकेटर बनने की ओर बढ़ रहा है और यहां तक कि उसमें इस तरह की काबिलियत है, जिससे वह खुद ही पूरी तरह से वाकिफ नहीं है।' प्रसाद इस बात से खुश हैं कि ऋषभ इस बात को समझ रहा है कि कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री की उससे क्या उम्मीदें हैं और सिडनी में प्रदर्शन इसी को दर्शाता है।भारत के पूर्व कप्तान ने कहा, 'रवि और विराट ने उसे मैच के हालात का सम्मान करने को कहा और उसने बिलकुल वैसा ही किया। उसने साबित किया कि वह बिना किसी परेशानी के खुद को खेल के अनुरूप ढाल सकता है। जब हमने उसे टेस्ट मैचों के लिए चुना था तो विशेषज्ञ उसकी विकेटकीपिंग को लेकर संशय में थे लेकिन इंग्लैंड में एक टेस्ट में 11 कैच, ऑस्ट्रेलियाई श्रृंखला में आउट करने के रिकॉर्ड से साबित होता है कि चयन समिति का पक्ष सही रहा।' चयन समिति के प्रमुख युवा शुभमन गिल के बारे में काफी उत्साहित हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि पंजाब का यह प्रतिभाशाली बल्लेबाज अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार है। उन्होने कहा, 'शुभमन पारी का आगाज करने और मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने दोनों में सहज है। न्यूजीलैंड श्रृंखला में हम उसे शिखर (धवन) और रोहित (शर्मा) के पीछे रिजर्व खिलाड़ी के रूप में देख रहे हैं। वह विश्व कप में खेलेगा या नहीं, मैं इस पर टिप्पणी नहीं करूंगा लेकिन उसने न्यूजीलैंड में भारत ए की ओर से सलामी बल्लेबाज के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया।'

द्रविड़ की कोचिंग में खेलने को तैयार हुआ शुभमन

प्रसाद ने आगे बताया कि, 'हमने राहुल द्रविड़ से चर्चा की कि शुभमन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार है। सबसे अहम चीज दौरों पर पकड़ रही जिसने इन सभी खिलाड़ियों को बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार किया है।' हनुमा विहारी, मयंक अग्रवाल, पृथ्वी शॉ, खलील अहमद जैसे खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में काफी प्रभावी रहे हैं जिससे प्रसाद काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, 'मैं नियमित रूप से रवि और राहुल के साथ खिलाड़ियों की प्रगति पर चर्चा करता रहता हूं। जरा देखिए, हमने रणजी ट्रॉफी, ए टीम से सीनियर टीम तक खिलाड़ियों की प्रगति की योजना बनाई है। हनुमा विहारी और मयंक अग्रवाल को देखिए।' रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की जगह कलाई के दो स्पिनरों कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल का वनडे टीम में शामिल करने के जोखिम लेने के बारे में उन्होंने कहा, 'हमने जब दुनिया के एक और दो नंबर के स्पिनर (आईसीसी रैंकिंग के अनुसार) की जगह दो युवा कलाई के स्पिनरों को शामिल किया।

पाक का टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ

दक्षिण अफ्रीका ने तीसरा मैच 107 रनों से जीता

जोहानिसबर्ग 14 जनवरी (ए)। दक्षिण अफ्रीका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां पाकिस्तान को 107 रन से हराकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। दक्षिण अफ्रीका इस जीत से आईसीसी रैंकिंग में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है जबकि पाकिस्तान सातवें स्थान पर खिसक गया है। पाकिस्तान ने 381 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आज सुबह तीन विकेट पर 153 रन से आगे खेलना शुरू किया तथा अपने बाकी बचे सात विकेट 120 रन के अंदर गंवा दिये। उसकी टीम दूसरी पारी में 273 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के लिये इस श्रृंखला की खोज रहे डुआने ओलिवर ने सुबह तीसरे ओवर में लगातार गेंदों पर विकेट लेकर पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेरा। बाबर आजम (22) तेजी से उछाल लेती गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकाक को कैच थमाया। आजम और असद शाफिक (65) ने चौथे विकेट के लिये 58 रन जोड़े। पाकिस्तानी कप्तान सरफराज अहमद को ओलिवर ने पहली गेंद पर बोल्ड किया। वर्नोन फिलैंडर को अतिरिक्त उछाल मिल रही थी और शाफिक ने उनकी ऐसी ही गेंद पर दूसरी स्लिप में कैच थमाया। फहीम अशरफ (15) और मोहम्मद आमिर (चार) दोनों को कैगिसो रबादा की गेंद पर एडेन मार्कराम ने गली में कैच किया। शादाब खान ने अच्छी बल्लेबाजी की और नाबाद 47 रन बनाये लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हुआ। हसन अली ने भी 22 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से ओलिवर और रबादा ने तीन- तीन और डेल स्टेन ने दो विकेट लिए।

स्टार फुटबॉलर मेस्सी ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में दागे 400 गोल

बार्सिलोना 14 जनवरी (ए)। अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी ने ऐबार के खिलाफ बार्सिलोना की जीत में ला लीगा फुटबॉल में अपना 400वां गोल दागा। वह ला लिगा में सर्वाधिक गोल करने वाले फुटबॉलर पहले ही से हैं और उन्होंने अपना स्थान पुख्ता कर लिया। बार्सिलोना ने यह मैच 3- 0 से जीता जिसमें लुई सुआरेज ने दो गोल किए । बार्सिलोना के कोच अर्नेस्टो वाल्वर्डे ने कहा, 'मेस्सी बेहतरीन खिलाड़ी है क्योंकि वह सिर्फ गोल ही नहीं करता बल्कि माहौल भी बनाता है । उसके गोलों की संख्या देखकर लगता है कि वह दूसरी दुनिया से आया है।'

हरियाणा का सामना पुरुष अंडर-21 हॉकी फाइनल में ओडिशा से: मुंबई (ए)। ओडिशा और हरियाणा ने विपरीत जीत दर्ज कर खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2019 की पुरूष अंडर-21 हॉकी स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार हरियाणा ने सेमीफाइनल में पड़ोसी राज्य पंजाब को 3-1 से मात दी जबकि ओडिशा ने उत्तरप्रदेश को 2-1 से हराया। अब हरियाणा और ओडिशा की टीमें कल फाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगी।

विवादों को पीछे छोड़ आगे बढ़ना चाहती है मिताली

नए कोच के मार्गदर्शन में नई शुरूआत

मुंबई 14 जनवरी (ए)। बाहर किए गए कोच रमेश पोवार और सीओए सदस्य डायना इडुल्जी के साथ उनके मतभेद अब बीती बात हो गए हैं और अब मिताली राज न्यूजीलैंड के आगामी दौरे में नए कोच डब्ल्यूवी रमन के मार्गदर्शन में नई शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में बाहर होने के बाद महिला टीम सुर्खियों का केंद्र बन गई थी क्योंकि मिताली ने इसके बाद पिछले कोच पोवार पर पक्षपात का और सीओए सदस्य इडुल्जी पर उनका करियर खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।एक दिवसीय महिला टीम की कप्तान मिताली ने टीम के रवाना होने से पहले रविवार को यहां प्रेस कॉंफ्रेंस में पत्रकारों से कहा, 'मुझे लगता है कि यह नयी शुरूआत है। नए साल में यह पहली श्रृंखला है और हां, हम उसे (विवाद) को पीछे छोड़ चुके हैं।' मिताली को भरोसा है कि रमन का कोच के तौर पर अनुभव अंतर पैदा करेगा। उन्होंने कहा,'जब एक कोच राष्ट्रीय टीम के लिए आता है तो हम बतौर टीम हम बहुत मुखर हो जाते हैं कि टीम के फायदे के लिए क्या जरूरी है। कोच और खिलाड़ियों को एक स्तर पर होना चाहिए क्योंकि यह काफी अहम होता है।' उन्होंने कहा, 'मैं उनके साथ कभी ट्रेनिंग नहीं की है लेकिन दो बार उनसे मिली थी। अगर आप उनकी योग्यता देखेंगे तो वह शीर्ष स्तर तक खेले हैं। इससे आप सकारात्मक हो कि कोच टीम में बड़ा अंतर लाएंगे।' मिताली ने यह भी स्वीकार किया कि सभी कोचों ने टीम को बेहतर बनाने में अहम भूमिका अदा की है।